भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †4053
सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**कदमथ में पर्यटक गृह**

**†4053. श्री हमदुल्ला सईदः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कदमथ में, पूर्व में स्पोर्ट्स लक्षद्वीप के अंतर्गत संचालित, पर्यटक गृह दो वर्षों से भी अधिक समय से बंद पड़े हैं और उनकी स्थिति दयनीय हो रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा पर्यटन विकास के लिए इन सुविधाओं को बहाल करने और पुनः खोलने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन अवसंरचना का विकास और उसका प्रबंधन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन ने सूचित किया है कि कदमथ में पर्यटक गृह चालू नहीं थे। हालांकि, पर्यटक गृह वाले क्षेत्र में ही सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत कदमथ में समुद्र तट और वॉटर विलाज़ के साथ इको-टूरिज्म रिसॉर्ट्स विकसित करने के लिए वैश्विक निविदा (आरएफपी) जारी की गई थी। कदमथ द्वीप पर इको-टूरिज्म परियोजना का प्राक्कलित व्यय लगभग 240 करोड़ रुपये है, जिसमें लगभग 110 कमरों के प्रावधान की योजना है, और उसमें समुद्र तट और वॉटर विलाज़ भी शामिल हैं। इस परियोजना का कार्य मेसर्स इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) को सौंपा गया और रियायत संबंधी समझौते पर दिसंबर, 2022 में हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना में एनसीएससीएम, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा नीति आयोग के मूल्यांकन सहित पूर्व में प्राप्त की गई पर्यावरणीय मंजूरी जैसे सीआरजेड मंजूरी शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देश में पर्यटन अवसंरचना को विकसित करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है और उसने स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 81.18 करोड़ रुपये की लागत से "बंगाराम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास" नामक परियोजना को मंजूरी दी है।

*******